कार्यालय, नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग)

मुख्य कार्यालय – संपदा शाखा, साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
फोन नं. 221288–222672, फैक्स :– 07759–221288, 221929
Website: www.korbamunicipal.in, Email Id-corporationkorba@gmail.com

फा.क्र./15/संपदा/2025 4710 कोरबा, दिनांक 18/6/25

ईतवारी बाजार स्थित सामुदायिक भवन का 11 माह किरायेदारी पर आबंटन हेतु निविदा आमंत्रण की सूचना

ईतवारी बाजार स्थित सामुदायिक भवन (क्षेत्रफल – ग्राउण्ड फ्लोर 692.92, प्रथम तल 414.96 एवं भूतल 692.92 वर्गमीटर) का 11 माह की अवधि हेतु नियमित रूप से रख–रखाव के साथ–साथ संचालन हेतु जन सामान्य/विभिन्न संस्थाओं/शासकीय व अर्द्धशासकीय विभागों तथा व्यक्ति से, मार्सिक किरायेदारी पर यथा–स्थिति आबंटन शर्तो के तहत 11 माह की किरायेदारी पर उपलब्ध कराने हेतु राशि रूपये **1,18,000/– (एक लाख अठ्ठारह हजार रूपये)** पर उच्चतम मासिक किराये ऑफर निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा हेतु इच्छुक संस्था/फर्म सुरक्षा राशि रूपये **1,00,000/– (एक लाख रूपये)** जमा कर उक्त के रसीद की प्रतिलिपि संलग्न करते हुये **दिनांक** 30/7/25 अपरान्ह 03 **बजे** तक निविदा ऑफर बंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते है, निविदा उसी दिनांक को उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष सायं **04.00 बजे** खोली जावेगी।

निविदाकर्ता निविदा के 01 दिवस पूर्व अर्थात **दिनांक** 28/7/25 तक निविदा प्रपत्र **1,000/– (एक हजार रूपये)** शुल्क जमाकर कार्यालयीन दिवस एवं समय पर कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा **सुरक्षा राशि 1,00,000/– (एक लाख रूपये)** का **डी.डी./बैंक ड्राफ्ट** के माध्यम से कार्यालय में जमा कर उक्त के रसीद की प्रति निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करते हुये निविदा में भाग ले सकते हैं। आबंटन हेतु निर्धारित शर्तो का विवरण निगम की वेबसाईड **www.korbamunicipal.in** पर अवलोकन किया जा सकता हैं तथा विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पालिक निगम कोरबा के संपदा शाखा (दुकान) से ली जा सकती है।

नोट :–

01. संलग्न शर्तें किरायेदारी निविदा का अंग माना जावेगा।
02. भवन को यथा स्थिति आधिपत्य में लेना होगा।
03. सुरक्षा राशि जमा रसीद की प्रतिलिपि निविदा प्रपत्र के साथ अनिवार्य रूप से जमा करना होगा तथा उक्त रसीद क्रमांक व दिनांक का उल्लेख निविदा प्रपत्र की लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से उल्लेख करना होगा।

संपदा अधिकारी,
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)